# कलेक्टर की डीपी लगाकर की धोखाधड़ी

## महंगें शौक पूरा करने रीवा के दो युवक किराये के बैंक खातों में ट्रांसफर कराते थे ठगी की राशि

**▸ मुंबई और रीवा से 9 सदस्यीय गिरोह गिरफ्तार**

**खरगोन, 30 नवंबर. अब तक ऑनलाईन फ्रॉड का अपराध सुलझाना चुनौती भरा माना जाता रहा है, लेकिन पुलिस ने इस चुनौती भरे एवं जटिल अपराध को सुलझाने में पुलिस को सफलता मिली है.**

पुलिस ने वाट्सअप पर कलेक्टर की फोटो लगाकर ऑनलाईन रुपए ऐंठने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इन आरोपियों में 2 नाबालिग और एक महिला शामिल है. इनकी गिरफ्तारी मुंबई और रीवा से की गई, जहां पुलिस को इन्हें तलाशने में खासी मशक्त करना पड़ी. आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. ठगी का यह नेटवर्क महंगें शौक पुरा करने एवं लोगों को रुपए का लालच देकर किराये के बैंक खातों से संचालित हो रहा था. थाना प्रभारी बीएल मंडलोई ने बताया आरोपी महंगे शौक पूरे करने व जल्दी पैसे कमाने के लिए ऑनलाईन फ्रॉड का शार्टकट रास्ता अपना रहे थे. यह लोगों को ठगने के लिए किराये पर बैंक खाते इस्तेमाल कर रहे थे.



शिकायती आवेदन मिलने के बाद जिस खाते में रुपए डाले गए उस बैंक खाते को फ्रीज कराया गया. उक्त राशि मुंबई निवासी ग्लोरीया फर्नानडिस के खाते में गई थी. पुलिस टीम ने मुंबई पहुंचकर ग्लोरीया फर्नानडिस को अभिरक्षा में लिया. पूछताछ में बताया कि बैंक अकाउंट व उसकी एक सिम को ऑनलाइन मिले एक दोस्त के कहने पर दिल्ली भेज दी है. उक्त फ्रॉड की राशि को विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से कई अन्य बैंक अकाउंटस् में अनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से ट्रांसफर की गई थी, जो रीवा स्थित एटीएम से निकाली गई. पुलिस टीम के द्वारा सूक्ष्मता से प्रकरण में आए तथ्यों का अवलोकन किया गया व प्रकरण बयानों, सीसीटीव्ही फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर रीवा पुलिस की मदद से 06 और अन्य आरोपियों जिनमें 02 विधिविरुद्ध बालक है, को अभिरक्षा में लिया गया. रीवा से गिरफ्तार आरोपियों ने पंकज पटेल व दीपक पटेल के कहने पर उन्हें किराय/ कमिशन पर बैंक खाते व सिम उपलब्ध कराई थी. पुलिस ने पंकज पटेल व दीपक पटेल को गिरफ्तार किया. इनके कब्जे से धोखाधड़ी कर निकाले 1 लाख रुपए जब्त किए है. इस मामले अब तक 07 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है. विवेचना में आने अन्य तथ्यों के आधार पर प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी.

# दतिया से पकड़ाया टेरर मॉड्यूल का गुर्गा

**▸ पाकिस्तान के इशारे पर कर रहा था काम**

**ग्वालियर, 30 नवंबर. दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने पाकिस्तान खुफिया एजेंसी के इशारे पर चल रहे एक टेरर मॉड्यूल से जुड़े आतंकवादी को अंचल के दतिया जिले से गिरफ्तार किया है.**

मॉड्यूल के दो अन्य आतंकवादियों को पंजाब और उत्तरप्रदेश के बिजनौर से पकड़ा गया है. यह मॉड्यूल पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शहजाद भट्टी चला रहा था, जो आईएसआई से निर्देश लेकर भारत में टारगेट किलिंग और ग्रेनेड हमलों की साजिश रच रहा था. पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि इसका सबसे बड़ा टारगेट अनमोल बिश्नोई था साथ ही इसने देश में कई जगह रेकी की इससे जुड़े कागज भी मिले हैं. दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त सीपी, स्पेशल सेल, एडिशनल सीपी प्रमोद कुमार कुशवाहा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों आतंकी हरगुनप्रीत सिंह (पंजाब), विकास प्रजापति (दतिया, मध्य प्रदेश) और आरिफ (बिजनौर, उत्तर प्रदेश) सीधे शहज़ाद भट्टी से संपर्क में थे. ये वही लोग हैं जिन्होंने 25 नवंबर को पंजाब के गुरदासपुर सिटी पुलिस स्टेशन के बाहर हैंड ग्रेनेड फेंका था. ये हमला भट्टी के निर्देश पर किया गया था.



तीनों आतंकी पंजाब में कई जगहों की रेकी कर चुके थे. वीडियो फुटेज, वॉयस चैट्स, लोकेशन डेटा और सोशल मीडिया ऐप्स पर हुई बातचीत से साफ है कि यह मॉड्यूल सिर्फ एक गैंग नहीं, बल्कि पूरी तरह से सक्रिय टेरर सेल की तरह काम कर रहा था. भट्टी सोशल मीडिया के ज़रिए युवाओं को भर्ती कर अपने साथ जोड़ता था और भारत में ग्रेनेड अटैक और टारगेट किलिंग की प्लानिंग करवा रहा था. इस मॉड्यूल के लिंक भी मिले हैं, जिन्हें दिल्ली पुलिस पंजाब पुलिस के साथ साझा करेगी. स्पेशल सेल का दावा है कि जल्द और गिरफ्तारियां होंगी. विकास के पास से एक पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं.

# डोडाचूरा जब्ती मामले में सात गिरफ्तार

**गंगापुर पुलिस ने पिपलिया में ने दी दबिश**

**पिपलियामंडी, 30 नवंबर. राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना क्षेत्र में 21 क्विंटल से अधिक डोडाचूरा जब्ती के बाद मामले की जांच कर रही गंगापुर पुलिस शनिवार को पिपलियामंडी पहुंची.**

पुलिस ने मुख्य सप्लायर रविंद्र सैनी उर्फ रवि माली से जुड़े तीन गोदामों पर करीब चार घंटे तक सघन तलाशी ली, जिसमें कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, मोबाइल डेटा और संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े तथ्य मिले. 24 नवंबर को आसींद थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे 158 पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से 103 कट्टे डोडाचूरा (21 क्विंटल 29.620 किग्रा) जब्त किए थे. यह खेप कपास के कट्टों की आड़ में छिपाई गई थी. इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 3.20 करोड़ रुपये आंकी गई है. मौके से तीन आरोपी देवेंद्र दांडी, पारस और बशीर (निवासी बाड़मेर) गिरफ्तार किए गए थे.



**▸ भूमिका की जांच**

सूत्रों के अनुसार रूपारेल गांव का एक और व्यक्ति नेटवर्क से जुड़ा हुआ है, जिसकी भूमिका की जांच की जा रही है और गिरफ्तारी की संभावना है. थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय ने बताया कि बदनावर से आए ट्रक में कपास के 485 कट्टे भरे थे, जिनमें से लगभग 275 कट्टे पिपलियामंडी में खाली कर उनमें डोडाचूरा भरा गया, जिसे जोधपुर भेजा जाना था. पुलिस ने सैनी के गोदाम से ट्रांसपोर्टरों के 265 कट्टे भी बरामद किए हैं. जांच में सामने आया है कि यह गिरोह लंबे समय से सीमा क्षेत्र में सक्रिय था और अलग-अलग मार्ग बदलकर तस्करी करता था.

# भाजपा नेता के भांजे से शराब जब्त की

**जबलपुर, 30 नवंबर.** हनुमानताल पुलिस ने भाजपा नेता के भांजे के ठिकानों पर छापेमारी कर दी. सिंधी केम्प भानतलैया और करिया पाथर मरघटाई में सर्चिंग करते हुए भारी मात्रा में शराब जप्त की. साथ ही तस्कर को भी पकड़ा इसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. 36 लीटर वियर एवं अग्रेजी शराब कीमती 25000 रुपये जप्त की गई है. पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि ऋषभ सोनकर निवासी सिंधी केम्प भानतलैया के घर के पास बाडे में रेड कार्यवाही की गई. खाकी रंग के 5 कार्टुनों मे भरी हुई 30 बियर के केन 15 लीटर बियर बरामद हुई.

# हर हाल में झांसी से लड़ूंगी लोकसभा चुनाव

## उमा भारती ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी

**ग्वालियर, 30 नवंबर. पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने अपने बड़े भाई स्वर्गीय स्वामी प्रसाद के फार्महाउस में आयोजित पत्र कार वार्ता में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी.**

उन्होंने बिहार की शराबबंदी का उल्लेख करते हुए कहा कि उसके पीछे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दृढ़ इच्छा शक्ति थी. उमा भारती ने कहा कि बिहार में नीतीश के विधायक भी शराब बेचते रहे, लेकिन नीतीश डटे रहे, तभी शराबबंदी संभव हो सकी. उन्होंने मध्य प्रदेश में भी समाज की भागीदारी को शराबबंदी की अनिवार्य शर्त बताया. आगामी चुनावों को लेकर उन्होंने बड़ा राजनीतिक बयान देते हुए स्पष्ट कहा कि 2029 में वह हर हाल में झांसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी. उन्होंने यह भी बताया कि 2024 का चुनाव उन्होंने केवल इसलिए नहीं लड़ा, क्योंकि उस समय वह गंगा सफाई अभियान में पूरी तरह व्यस्त थीं. उन्होंने आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान की भी निंदा की.



एसआईआर बहस पर उन्होंने कांग्रेस पर राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि यह देश की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम है, जिसे राष्ट्रीय हित में देखा जाना चाहिए. हिंदू राष्ट्र पर अपनी राय देते हुए उमा भारती ने कहा कि भारत सांस्कृतिक रूप से हिंदू राष्ट्र है और हमेशा रहेगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विचार सांप्रदायिकता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का विषय है. उन्होंने कहा कि यदि दोनों परिवार सहमत हो तो जाति कोई बाधा नहीं होनी चाहिए.

# कई घरों के ताले टूटे, सोना-नकदी चोरी

**इंदौर.** शहर में लगातार घरों में सेंधमारी की घटनाएं बढ़ रही हैं. लसूड़िया और भंवरकुआं थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों से सोने के गहने, नकदी, लैपटॉप और घरेलू सामान चोरी होने के मामले सामने आए हैं. लसूड़िया थाना क्षेत्र की के कैलोड हाला स्थित सेटेलाइट जंक्शन की हैं, शिशुपाल मेश्रम ने बताया कि अज्ञात चोर ताला तोड़कर अंदर घुसे और सोने का मंगलसूत्र, लैकिट, चैन, अंगूठी, नकदी चुरा ले गए. वहीं फिनिक्स टाउनशिप में बृजेश श्रीवास्तव के घर से डाइकिन कंपनी का एसी आउटडोर यूनिट, तीन बर्नर गैस चूल्हा, इंडक्शन हॉट प्लेट, किचन आइटम का बॉक्स चोरी हो गए.



## ओटीए में 127 महिला अधिकारियों ने दिखाया दम

**ग्वालियर.** राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में सीनियर विंग की 127 महिला एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों के लिए दो दिवसीय एक्सरसाइज शक्ति का आयोजन किया. कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं और अभ्यासों के माध्यम से उनके व्यक्तित्व, कैम्प नियुक्तियों की जिम्मेदारियों से परिचित कराया गया.

# हनी ट्रैप कांड : दो सिपाही हटाए गए

**चौकी में हुई थी एक लाख की डीलिंग**

**जबलपुर, 30 नवंबर. इंस्टाग्राम आईडी के जरिए दो भाईयों को हनी ट्रैप के जाल में फंसाने के बाद ब्लैकमेल मामले में विभागीय कार्रवाई शुरू हो गई.**

साथ ही दो सिपाहियों को हटा दिया गया, जबकि चौकी प्रभारी पर भी कार्रवाई की तलवार लटकी हुई है. दरअसल लार्डगंज थना अंतर्गत यादव कॉलोनी चौकी स्थित ईडब्ल्यूएस क्वार्टर शताब्दीपुरम में दोनों भाई युवती से मिलने पहुंचे थे जहां युवती ने अपने दो युवक दोस्तों को बुला लिया पहले तो दोनों भाईयों की पिटाई करवाई इसके बाद पुलिस सभी को पकड़कर चौकी लेकर चली गई थी जहां ब्लैकमेल कर एक लाख रूपए की डिमांड हुई थी. रूपए न देने पर बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई थी. इस मामले में प्रारंभिक जांच में पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई. इसके बाद तत्काल प्रभाव से आरक्षकों सचिन जैन, सिद्धार्थ दुबे को चौकी से हटाने के साथ लाइन अटैच किया गया है. जबकि चौकी प्रभारी अनिल कुमार सिंह कार्रवाई के समय मौजूद थे जिनकी भूमिका भी संदिग्ध है और जांच चल रही है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई होना है. सूत्रों के मुताबिक हनी ट्रैप गैंग और पीड़ित के बीच खुलेआम तीन से चार घंटे तक डीलिंग चलती रही.

जानकारी के मुताबिक पावला बेलखेडा निवासी 19 वर्षीय युवक ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बडे पापा का लडका से इंस्टाग्राम आईडी पर रागिनी शर्मा नाम की लड़?ी से दो तीन दिन पहले चैटिंग में बात हुयी. शुक्रवार को दोपहर 2ः30 बजे दोपहर उसका इंस्टाग्राम मैसेज आया कि आज मैं फ्री हूं, आज मिलते है नहीं तो मैं अपने घर करेली नरसिंहपुर चली जाउंगी. इसके बाद वह अपने भाई के साथ मिलने सहमत हो गया. इसके बाद उसने बताया कि उसका दोस्त ईडब्ल्यूएस क्वार्टर शताब्दीपुरम में रहता है, वहीं पर मिलते है.

**एक नजर में**



## पुलिस ने अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ा

**सिंगरौली 30 नवम्बर.** जिले के थाना सरई क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रेत खनन व परिवहन के खिलाफ बड़ी और प्रभावी कार्रवाई की है. पुलिस ने रेत माफियाओं पर शिकंजा कसते हुए एक बिना नंबर का ट्रैक्टर ट्रॉली जिसमें अवैध रूप से रेत लदी हुई थी, जप्त किया है. यह कार्रवाई एसपी मनीष खत्री के निर्देश पर सरई थाना पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए ग्राम हट्टा पुलिया के पास घेराबंदी कर कार्रवाई की. मौके से एक नीले रंग का सोनालिका कंपनी का ट्रैक्टर मय अवैध रेत लोड ट्रॉली जप्त किया गया. ट्रैक्टर ट्रॉली की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये तथा रेत की कीमत करीब 3 हजार रुपये बताई गई है. कुल जप्ती की कीमत करीब 5 लाख 3 हजार रुपये है. इस संबंध में थाना सरई में धारा 303(2), 317(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है. पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है. साथ ही ट्रैक्टर के वाहन स्वामी के विरुद्ध भी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. राजसात की प्रक्रिया के लिए कलेक्टर को अलग से प्रतिवेदन भेजने की तैयारी भी की जा रही है. उक्त कार्रवाई में निरीक्षक जितेंद्र सिंह भदौरिया, सउनि उपेंद्र सिंह, आर राहुल यादव, रिकू धाकड़, तेजप्रताप, शिवम पाटकर एवं तेजभान सिंह की सक्रिय भूमिका रही.

## रिटायर्ड बीएसएफ अधिकारी के घर 11 लाख चोरी

**ग्वालियर, 30 नवंबर.** ग्वालियर में एक रिटायर्ड बीएसएफ अधिकारी के बेटे के लगुन-फलदान में आए 11 लाख रुपए नकदी चोरी हो गए हैं. फलदान के बाद 11 लाख रुपए की राशि रिटायर्ड अधिकारी ने अपने पिता को संभालने के लिए दी थी. पिता अपने कमरे में बैठे थे. दादा गद्दे के नीचे बैग छुपाकर रूम का ताला लगाकर बाहर आ गए थे. जब कैश लेने पहुंचे तो देखा कि कमरे की खिड़की खुली हुई है और बैग से कैश चोरी हो चुका है. सीसीटीवी फुटेज में एक संदेही 7 से 8 साल का बालक कैश ले जाता नजर आ रहा है. चोर मैरिज गार्डन में पहले ही दाखिल हो गए थे. घटना महाराजपुरा स्थित अभिनंदन वाटिका की है. घटना की सूचना पुलिस को दी गई है. पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है. ग्वालियर के महाराजपुरा थाना स्थित सैनिक कॉलोनी पिंटो पार्क निवासी भुवनेश सिंह तोमर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में एएसआई पद से रिटायर्ड हैं. उनके बेटे प्रवीण सिंह तोमर की चार दिसंबर को शादी है. बारात इटावा यूपी जाना है.

# शादी में पहली पत्नी का हंगामा स्टेज छोड़कर भाग गया दूल्हा

**ग्वालियर,30 नवम्बर. यहाँ एक मैरिज गार्डन में उस वक्त हंगामा मच गया जब दूल्हे की पहली पत्नी शादी में पहुंच गई और हंगामा मचा दिया.**

पहली पत्नी ने स्टेज पर दूल्हा बनकर बैठे पति को पकड़कर नीचे खींच लिया और हंगामा किया. हंगामा करने वाली महिला का आरोप है कि वो दूल्हे की पहली पत्नी है और फोन पर तीन बार तलाक कहकर पति दूसरी शादी कर रहा था. शादी में हंगामे की खबर लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई लेकिन तब तक दूल्हा शादी से फरार हो गया था. शहर के बहोड़ापुर स्थित मयूर गार्डन में जीशान मिर्जा नाम के युवक की शादी हो रही थी. मेहमान पहुंच चुके थे और स्टेज पर दुल्हन की एंट्री होने ही वाली थी, लेकिन उससे पहले एक महिला ने गार्डन में एंट्री की और हंगामा मच गया. महिला नेहा सीधे स्टेज के पास पहुंची और दूल्हे जीशान को पकड़कर नीचे खींच लिया. हंगामा होने के बाद नेहा ने बताया कि वह जीशान की पहली पत्नी है और उनका निकाह 17 दिसंबर 2023 को हुआ था. शादी के एक महीने बाद ही जीशान ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था और वह अपने मायके में अपनी मां के साथ रह रही थी. उनके तलाक का मामला अभी कोर्ट में चल रहा है.

# चीते ने अपने से अधिक वजनी नीलगाय का किया शिकार

**ग्वालियर, 30 नवंबर. कूनो नेशनल पार्क से मादा चीता 'ज्वाला' का शावक इन दिनों राजस्थान में है. भारत में जन्मा यह चीता शावक राजस्थान की जलवायु और जंगलों में खूब रच-बस रहा है.**

वह तीन दिनों से किशनगंज के रामगढ़ की पहाड़ियों में आराम कर रहा है. रामगढ़ के पहाड़ी क्षेत्र में उसने अपने से कई गुना भारी नीलगाय का भी शिकार किया. भारत में जन्मे चीते द्वारा इतने बड़े आकार के मवेशी का शिकार करने का यह पहला मामला है. राजस्थान और मध्य प्रदेश के वन अधिकारी व विशेषज्ञ इसकी लगातार ट्रैकिंग कर रहे हैं.



विशेषज्ञों के अनुसार चीता सामान्यत: छोटे और मध्यम आकार के घास के मैदानों में रहने वाले जानवरों का शिकार करता है. वे काला हिरण, चीतल, सांभर के छोटे बच्चे, इम्पाला (बड़ा हिरण), खरगोश तथा कभी-कभी छोटे पक्षियों को भी शिकार बनाते हैं.

श्योपुर के कूनो से राजस्थान के बारां जिले के रामगढ़ क्षेत्र की दूरी करीब 60 किमी है.

# एनसीएल जयंत सीएचपी में करंट लगने से श्रमिक की मौत

**सिंगरौली 30 नवम्बर. जिले के एनसीएल के जयंत क्षेत्र स्थित कोल हैंडलिंग प्लांट सीएचपी में बीते गुरुवार की दोपहर एक ठेका श्रमिक की करंट लगने से मौत हो गई.**

मृतक की पहचान चकरिया गांव निवासी अरविंद खैरवार के रूप में हुई है, जो एक कंपनी के लिए वेल्डिंग का काम करता था. दोपहर करीब 12 बजे अरविंद सीएचपी में वेल्डिंग का काम कर रहा था. बताया गया कि वेल्डिंग मशीन को एक जगह से दूसरी जगह ले जाते समय उसमें करंट आ गया, जिसकी चपेट में अरविंद आ गया. वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा. उसके सहकर्मियों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही विंध्यनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने के लिए ठेका कंपनी से बात की जाएगी और हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी. इस हादसे के बाद काम के दौरान सुरक्षा उपकरणों की कमी को लेकर मजदूरों में आक्रोश देखा गया. एक मजदूर राधेश्याम ने बताया कि वेल्डिंग जैसे जोखिम भरे कार्यों के लिए अक्सर सुरक्षा किट उपलब्ध नहीं कराई जाती.

**आयोजन ▸ 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर विचार मंथन, विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर बोले**

# देश की प्रगति रचनात्मक सोच पर निर्भर

**ग्वालियर, 30 नवंबर. अधिवक्ता परिषद मध्यभारत प्रांत जिला इकाई ग्वालियर द्वारा 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए.**

अपने संबोधन में तोमर ने भारत को विश्व का सबसे सक्षम लोकतंत्र बताते हुए कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव समय, धन और प्रशासनिक संसाधनों की अत्यधिक बचत सुनिश्चित करेगा, जिससे देश की ऊर्जा विकास कार्यों की ओर केंद्रित हो सकेगी.' उन्होंने भारत के संविधान की 75 वर्षीय यात्रा, आवश्यक संशोधनों और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले ऐतिहासिक फैसले को सामाजिक प्रगति का महत्वपूर्ण कदम बताया.



कार्यशाला में लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षण संस्थान की कुलपति प्रो. कल्पना शर्मा ने कहा कि भारत का भविष्य स्वस्थ संवाद, सकारात्मक सोच और जागरूक युवाओं पर आधारित है. उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान जैसे जन-आंदोलनों में युवाओं की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया और कहा कि देश तभी प्रगति करेगा जब युवा रचनात्मक सोच और जिम्मेदार नागरिकता का परिचय दें.

वक्ताओं ने उनके न्यायिक योगदान और सरल कार्यशैली को भावपूर्ण स्मरण किया. अतिरिक्त महाधिवक्ता एवं राष्ट्रीय अधिवक्ता परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य दीपेंद्र सिंह कुशवाहा ने संविधान में हुए संशोधनों और भारतीय संस्कृति के प्रभाव पर विस्तृत प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि कैसे नंदलाल बोस व रायबहादुर रामनारायण सिंह जैसे कलाकारों ने संविधान की मूल प्रति को भारतीय सांस्कृतिक प्रतीकों से जीवंत बनाया.

# अवैध धान भंडारण की सूचना पर मिलेगा 21 हजार का इनाम

**जबलपुर.** समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की प्रक्रिया से बिचौलियों को दूर रखने तथा वास्तविक किसानों को ही धान की खरीदी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक और बड़ी पहल की है. प्रशासन ने अवैध धान के भंडारण की सूचना देने वाले नागरिकों को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है. सूचना देने के लिए दो मोबाईल नंबर भी जारी किये गये हैं. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्णत: गुप्त रखा जाएगा. धान के अवैध संग्रहण की सूचना देने वालों को नगद पुरस्कार देने की यह पहल कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर की गई है.

# अवैध बांग्लादेशी कारीगरों की होगी पहचान

## महापौर बोले- बिना वैध दस्तावेज वाले बांग्लादेशी मजदूरों को न रखें

**इंदौर, 30 नवंबर. सराफा बाजार में काम कर रहे संदिग्ध व अवैध विदेशी कारीगरों पर अब सख्ती की तैयारी है.**

ज्वैलरी उद्योग की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को सराफा व्यापारियों एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि बिना वैध दस्तावेज वाले बांग्लादेशी मजदूरों को न रखा जाए और न ही उनसे काम कराया जाए. महापौर ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी कारीगर वोटर लिस्ट में दर्ज वैध भारतीय नागरिक हो.ओर ऐसा नहीं है तो उनसे काम न करवाना ओर डिपोर्ट करना हमारी जिम्मेदारी है,उन्होंने कहा कि कुछ लोग बांग्लादेश से इंदौर में आकर बिना किसी पहचान-पत्र के सोने-चांदी के आभूषण निर्माण में लगे हुए हैं. भार्गव ने कहा कि जिन कारीगरों के पास कोई दस्तावेज नहीं, उन्हें भी अब पता है कि इंदौर में ग़ैरक़ानूनी रूप से काम नहीं चल पाएगा.



**पहचान सत्यापन रिपोर्ट प्रशासन को उपलब्ध कराएं**

महापौर ने कहा कि जो सराफा का कारीगर वैध नागरिक नहीं हैं, उनका डिटेक्शन, नाम डिलीट और आगे की प्रक्रिया में डिपोर्टेशन सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि बिना पहचान वाले ऐसे व्यक्तियों का इंदौर में रहना व कार्य करना सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह है. सराफा व्यापारिक संगठनों की ज़िम्मेदारी है कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत कारीगरों की पूरी पहचान सत्यापन रिपोर्ट प्रशासन को उपलब्ध कराएं.